भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

10.07.2019 के

तारांकित प्रश्न सं. 251 का उत्तर

रेल उपरि पुल

***251. सुनील कुमार पिंटूः**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को सीतामढ़ी, बिहार में मेहसॉल रेल समपार पर रेल उपरि पुल (आरओबी) के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या प्रगति हुई है; और

(ग) यह कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

रेल उपरी पुल के संबंध में दिनांक 10.07.2019 को लोक सभा में श्री सुनील कुमार पिंटू के तारांकित प्रश्न सं.251 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): इस कार्य को 2013-14 में स्वीकृत किया गया था। रेलवे के हिस्से का कार्य रेलवे द्वारा किया जा रहा है और पहुंच मार्ग का कार्य बिहार राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। रेलवे के हिस्से के लिए, पुल के पियर कैप के स्तर तक का कार्य पूरा हो गया है। पहुंच मार्ग का कार्य अभी राज्य सरकार द्वारा शुरू किया जाना है, हालांकि राज्य सरकार से इस बारे में निरंतर अनुसरण किया जा रहा है।

रेलवे के हिस्से में उपरी ढांचे (सुपर स्ट्रक्चर) का शेष कार्य, पहुंच मार्ग का कार्य (राज्य सरकार द्वारा) अंतिम चरण में पहुंचने पर शुरू किया जाएगा।

****